दिनांक 12.11.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

मौसमी बीमारियों के रोकथाम एवं बचाव तथा मच्छर उन्मूलन हेतु आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने विशेष स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए जारी किया आदेश

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने मौसमी बिमारियों के रोकथाम एवं बचाव तथा मच्छर उन्मूलन हेतु निगम के 43 वार्डों में द्वितीय चरण का 06 नवंबर 2019 से 30 मार्च 2020 तक निरंतर विशेष स्वास्थ्य शिविर के द्वितीय चरण के लिए आदेश जारी किया है। शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला भिलाई द्वारा चिकित्सक/स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की टीम द्वारा निर्धारित तिथि में प्रातः 10.30 बजे से 1.30 बजे तक विशेष स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित रहकर नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं मौसमी बिमारियों के बचाव हेतु आवश्यक उपाय बताया जायेगा। शिविर हेतु निर्धारित तिथि एवं नियत क्षेत्रों में स्प्रेयर पम्प द्वारा नाली एवं गंदे स्थानों के जमाव पानी में कीटनाशक औषधि (टेमीफास/मैलाथियान) के छिड़काव का कार्य किया जायेगा, कार्य सम्पन्न होने के उपरान्त संबंधित वार्ड/क्षेत्र के नागरिकों से कार्य संतुष्टि प्रमाण-पत्र लिया जाएगा तथा आयुक्त ने इस कार्य में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि पूर्ण सजगता से कार्य करें , कार्य के प्रति लापरवाही या अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

जनसम्पर्क अधिकारी